JALAUN POLICE

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

दिनांक- 10.05.2026

पुलिस महानिदेशक/ अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित CM-डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था से सम्बन्धित मानकों पर आधारित रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में जनपद जालौन को माह- अप्रैल 2026 में प्रदेश भर की रैकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर लगातार टॉप-टेन में बरकरार बनी हुई है।

मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था सम्बन्धित पुलिस विभाग के कार्यों की परफॉर्मेंस के आधार पर प्रदेश स्तर पर प्रत्येक माह जनपदों की रैंकिंग जारी की जाती है। मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा कानून व्यवस्था के संबंध में माह- अप्रैल 2026 में प्रदेश स्तर पर जारी की गई रैंकिंग में जालौन पुलिस को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा सीएम डैशबोर्ड सम्बन्धित कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग करते हुए सभी संबंधित को लगातार आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते रहे हैं।

CM-डैशबोर्ड अन्तर्गत पुलिस विभाग की विभिन्न पोर्टलों की प्रचलित सेवाओं मे किये गये कार्य प्रदर्शन की समीक्षा कर रैंकिंग की जाती है। पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार के CM-डैशबोर्ड पर विभिन्न सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने पर समय-समय पर उच्चाधिकारीगण द्वारा समीक्षा कर CM-डैशबोर्ड पोर्टल पर आ रही कमियों को दूर किया गया तथा विभिन्न पोर्टलों पर समयबद्ध कार्यों हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारीगण, चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु लगातार प्रोत्साहित किया गया। शासन की मंशानुरूप इस कठिन परिश्रम, अथक प्रयास से विभिन्न पोर्टलों पर प्रचलित सेवाओं में जनपदीय पुलिस द्वारा पूर्ण मनोयोग से गुणवत्तापूर्ण कार्य किया गया, जिसके फलस्वरूप जनपदीय पुलिस को प्रदेश स्तर की रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

जालौन पुलिस आगे भी प्रत्येक क्षेत्र में इसी तरह से निरंतर कार्य करती रहेगी तथा नागरिक सुरक्षा एवं अपराध/भयमुक्त वातावरण बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है।